# प्राचार्य–कार्यालय राजकीय महाविद्यालय भतरौंजखान (अल्मोड़ा)

## (सात दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 14/03/2024 से 20/03/2024 तक की आख्या)

दिनांक 14 मार्च, 2024 से 20/03/2024 तक राजकीय महाविद्यालय भतरौंजखान के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन हीरानन्द धर्मशाला भतरौंजखान में प्राचार्य प्रो0 सीमा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं प्राध्यापक गणो के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में प्राचार्य द्वारा शिविरार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व के बारे में बताते हुये शिविर की सफलता हेतु शुभकामनायें प्रेषित की गई। इसी क्रम को आगे बढाते हुये डॉ0 रविन्द्र कुमार द्वारा शिविररार्थियों से शिविर में अनुशासन बनायें रखने हेतु अपील की गई, डॉ0 केतकी तारा द्वारा शिविरार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के समाज व छात्र जीवन पर प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 रूपा यादव द्वारा विशेष शिविर की रूपरेखा से अवगत कराया गया। सांध्यकालीन सत्र में भजन संध्या आयोजित की गई, रात्रि भोजन के साथ शिविर का प्रथम दिवस समाप्त हुआ।

दिनांक 15 मार्च, 2024 को द्वितीय दिवस का शुभारम्भ शिविरार्थियों द्वारा सरस्वती वन्दना कर राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत व उद्बोधन गीत के साथ हुआ। प्रथम सत्र में शिविरार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में श्रम दान कर साफ–सफाई कर कूडें का निस्तारण किया गया व गडढो का पटान कर चुने का छिडकाव किया गया। द्वितीय सत्र के बौद्धिक सत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से डॉ0 शिवांगी दीक्षित मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही, कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 रूपा यादव द्वारा उनको शॅाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में मुख्या वक्ता द्वारा महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया, अपने व्याख्यान में उन्हो ने मानसिक स्वास्थ्य, आत्महत्या व तनाव जैसे ज्वलंत मुद्दो पर चर्चा की व योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संस्कृति की विरासत एवं आध्यात्म पर भी प्रकाश डाला गया। तृतीय सत्र में कविता पाठ व गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर सुनीता, द्वितीय स्थान पर किरन पाली तथा तृतीय स्थान पर धर्मेन्द्र रहें। इस प्रकार रात्रि भोजन के साथ शिविर का द्वितीय दिवस सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

दिनांक 16 मार्च 2024 को शिविर के तृतीय दिवस का शुभारम्भ शिविरार्थियो द्वारा सरस्वती वन्दना, लक्ष्य गीत उदबोधन गीत व राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में शिविरार्थियों द्वारा स्थानीय बाजार से पॉलिथिन एकत्र कर गड्ढों में निस्तारण किया गया। द्वितीय सत्र के बौद्धिक सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में स्टेट बैंक आफ इण्डिया भतरौंजखान शाखा की शाखा प्रबंधक श्रीमती रिचा यादव रही। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 रूपा यादव द्वारा मुख्य वक्ता को भेट देकर सम्मनित किया गया, अपने व्यक्तव्य में

श्रीमती रिचा यादव द्वारा ऑनलाइन ठगी से बचाव, मुख्य मंत्री स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री स्व रोजगार योजना, वीर चन्द्र गढ़वाली योजना जैसी विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कैरियर सम्बन्धी सारगर्भित व्याख्यान दिया गया। भोजन के पश्चात शिविर के तृतीय सत्र में लघु–नाटिका प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका विषय नशा ऊमूलन रहा। जिसमें काफल ग्रुप ने प्रथम एवं बुरांश ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रात्रि भोजन के पश्चात् चुतुर्थ दिवस की कार्ययोजना बताई गई। तथा तत्पश्चात् शिविर का तृतीय दिवस सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

17 मार्च 2024 को विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस का शुभारंभ शिविरार्थियों द्वारा सरस्वती वन्दना कर एन0एस0एस0 लक्ष्य गीत, आह्वान गीत व समूह गीत के साथ हुई। प्रथम सत्र में स्वंयसेवकों द्वारा भतरौंजखान– भिकियासेन सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य किया गया । द्वितीय सत्र के बौद्धिक सत्र में थाना भतरौंजखान के सब–इस्पेक्टर श्री धमेंन्द्र कुमार, श्री अतुल कुमार, सुश्री सुषमा व अन्य थाना कर्मी व्याख्यान हेतु उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा उनको समृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सब–इस्पेक्टर श्री धमेन्द्र कुमार जी द्वारा छात्र–छात्राओं को सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। बौद्धिक सत्र के पश्चात् शिविरार्थियों द्वारा प्लास्टिक उन्मूलन अभियान के अर्न्तगत कागज के थैले बनाये गये जिसे बाजार में वितरण करने हेतु बनाया गया। जिससे प्लास्टिक का उपयोग ना करने हेतु स्थानीय नागरिकों को जागरूक किया जा सकें। शिविर के तृतीय सत्र में भजन संध्या के बाद सांस्कृतिक प्रतियोगिता के अन्तर्गत लोक–नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान पर अंजली केदार ग्रुप, बुरांश ग्रुप के दिव्या अजंली ने द्वितीय स्थान एवं स्टार ग्रुप के अंजू–तारा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।रात्रि भोजन के साथ चुतुर्थ दिवस सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

दिनांक 18 मार्च,2024 को सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस का सुभारम्भ सरस्वती वन्दना एन0एन0एस लक्ष्य गीत व राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। तत्पश्चात् शिविरार्थियो द्वारा योगाभ्यास किया गया। प्रथम सत्र में शिविर्थियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा अभिगृत ग्राम दन्पों का सामाजिक सर्वेक्षण किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 रूपा यादव की अध्यक्षता में स्वंयसेवको ने साक्षरता, कन्या भ्रूण हत्या,नारी सशक्तिकरण, संक्रामक रोगो से बचाव, पौष्टिक आहार व बच्चों का टीकाकरण, पलायन की समस्या व ग्रामवसियो के आर्थिक स्थिति इत्यादि के बारे में सर्वे करने के साथ समाजिक बुराईयो यथा धूमपान, बाल विवाह, बाल मजदूरी, प्राथमिक चिकित्सा व मतदान हेतु जागरूक किया गया। दोपहर भोजन के पश्चात् शिविर के द्वितीय सत्र में शिविरार्थियो द्वारा समाजिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत की गई। तृतीय सत्र में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें केदार ग्रुप ने प्रथम, काफल ग्रुप, ने द्वितीय एवं बुरांश ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार रात्रि भोजन के साथ शिविर का पंचम दिवस सफलतापूर्वक समाप्त हुआ।

18 मार्च, 2024 को शिविर के षष्ठम् दिवस का शुभारम्भ शिविरार्थियों द्वारा सरस्वती वन्दना कर एन0एन0एस लक्ष्य गीत व आह्वान गीत के साथ हुआ, शिविर के प्रथम सत्र में प्राचार्य की अध्यक्षता में स्थानीय बाजार में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आगामी ''लोकसभा चुनाव का पर्व, देश का गर्व'' थीम के साथ सौ प्रतिशत मतदान लक्ष्य के लिए मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। जिसमें छात्र/छात्राओं द्वारा स्थानीय लोगो को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया, साथ ही कागज के थैले वितरित कर प्लास्टिक का प्रयोग न करने का आह्वान किया गया। द्वितीय सत्र में अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन, भिकियासेन की रिसोर्स पर्सन सुश्री क्लेरिसा एवं एत्रैयी द्वारा स्वंयसेवको को इग्लिंश स्पीकिंग एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने हेतु टिप्स दिये गये साथ ही कैरियर एवं प्लेसमेन्ट हेतु जानकारी भी दी गई। भजन संध्या के पश्चात् तृतीय सत्र में कैम्प फायर का आयोजन किया गया जिसकी मुख्य अतिथि प्राचार्य रही। उन्होंने शिविर के सफल संचालन हेतु शिविरार्थियो को शुभकामनाएं प्रेषित की। कैम्प फायर के दौरान शिविरार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इस प्रकार रात्रि भोजन के पश्चात् शिविर का षष्ठम् दिवस सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

20 मार्च, 2024 को सात दिवसीय विशेष शिविर के सम्तम् दिवस का शुभारभं शिविरार्थियो द्वारा दैनिक क्रियाओ से निवृत्त होकर सरस्वती वन्दना कर लक्ष्य गीत व आह्वान गीत के साथ किया गया। सप्तम् दिवस के प्रथम सत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भतरौंजखान की चिकित्साधिकारी व योग प्रशिक्षक डॉ0 शिवांगी दीक्षित द्वारा शिविरार्थियो को योगाभ्यास कराया गया, साथ ही विभिन्न ध्यान की मुद्राओ से परिचित करवाते हुए हुए योग के महत्व व इतिहास से परिचित कराया गया। डॉ0 रूपा यादव द्वारा शिविरार्थियों को समापन समारोह की कार्ययोजना से अवगत कराया गया व समाज में लैंगिक असमानता व पलायन जैसी समस्याओं पर चर्चा की गई। द्वितीय सत्र में शिविर के समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो0 सीमा श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि डॉ0 शिवांगी दीक्षित (चिकित्साधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भतरौंजखान) व श्रीमती रिचा यादव (शाखा प्रबन्धक, स्टेंट बैंक ऑफ इण्डिया, भतरौंजखान), अतिथि डॉ0 केतकी तारा कुम्मयां प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान व श्री भूपेन्द्र सिंह (पुस्तकालय लिपिक) रहे। शिविरार्थियों द्वारा तिलक लगाकर अतिथियों का स्वागत किया गया, इसी क्रम में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत् शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात् दिव्या,अजंली, अजुं, व सुनीता द्वारा सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 रूपा यादव द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर की आख्या प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात् शिविरार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। तदुपरान्त अतिथियों द्वारा शिविरार्थियों को विभिन्न श्रेणीयों में पुरस्कृत किया गया, जिसमें सर्वश्रेष्ठ पाक टीम बुरांश ग्रुप, सर्वश्रेष्ठ गायन में सुनीता, लोक नृत्य प्रतियोगिता में अंजली, लघु–नाटिका में काफल ग्रुप व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में केदार ग्रुप ने सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। सर्वश्रेष्ठ समन्वयक का स्थान दीपक चन्द्र व गीता,

सर्वश्रेष्ठ टीम लीडर का स्थान उमा व सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी का स्थान सुनीता ने प्राप्त किया। समस्त विजेताओं को अतिथियो द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, तदुपरांत प्राचार्य ने अपने सम्बोधन में शिविरार्थियों व कार्यक्रम अधिकारी को शिविर के सफलतापूर्वक समापन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। अंत में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रकार होली की शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अतिथियों व शिविरार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित कर शिविर के सफलतापूर्वक समापन की घोषणा की गई।







राष्ट्रीय सेवा योजना
सामान्य/विशेष
व्यापार संघ
भतरौंजखान


राजकीय महाविद्यालय
14-03-2024


पन्त
नॉन वैज
तैयार
पन्त
हाफ
रायता


AI TRIPLE CAMERA
Shot on realme C21


Sanskrit
BURBERRY


'स्वयं से पहले आप'
'Not Me, But You'
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय भतरौंजखान, जिला-अल्मोड़ा
विशेष शिविर

# मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बताया

भिकियासैण। राजकीय महाविद्यालय भतरोंजखान में दस दिवसीय एनएसएस शिविर जारी है। शिविर के सातवें दिन योगाभ्यास कराया गया। इसके अलावा योग, मानसिक स्वास्थ्य, ध्यान, बैंकिंग आदि की जानकारी दी। यहां प्राचार्य प्रो. सीमा श्रीवास्तव, कार्यक्रम अधिकारी डॉ रूपा यादव, चिकित्साधिकारी डॉ शिवांगी दीक्षित, एसबीआई शाखा प्रबंधक ऋचा यादव आदि रहीं।

# स्वयंसेवियों ने किया जागरूक

भतरौंजखान (अल्मोड़ा)। भतरौंजखान महाविद्यालय के स्वयंसेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रूपा यादव के नेतृत्व में दनपो के ग्रामीणों को भ्रूण हत्या के बारे में बताया।

## कूड़े को एकत्र कर निस्तारित किया

नारी सशक्तीकरण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि भ्रूण हत्या को रोकने के लिए हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास फैले कूड़े को एकत्र कर इसका निस्तारण किया। संवाद

## सुनीता रही सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी




**भतरौंजखान (अल्मोड़ा)।** भतरौंजखान महाविद्यालय में एनएसस शिविर का होली मिलन के साथ समापन हुआ। शिविर के दौरान आयोजित सांस्कृतिक और अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सुनीता को सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी चुना गया। पीएचसी की चिकित्साधिकारी डॉ. शिवांगी दीक्षित ने स्वयंसेवियों को योगाभ्यास कराया। वहां पर कार्यक्रम धिकारी डॉ. रूपा यादव, दीपक, गीता, एसबीआई की शाखा प्रबंधक ऋचा यादव आदि थीं। संवाद

## शिविर में सिखाया जाता है अनुशासन

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**भतरौंजखान (अल्मोड़ा)।** भतरौंजखान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. सीमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हीरानंद धर्मशाला में हुआ। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी के जीवन में एनएसएस का विशेष महत्व है।

शिविर में विद्यार्थियों को अनुशासन का पालन कर जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया जाता है। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रूपा यादव, डॉ. रविंद्र कुमार समेत स्वयंसेवी मौजूद रहे।

न्यूज डायरी

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने की सफाई



भतरौंजखान (अल्मोड़ा)। भतरौंजखान महाविद्यालय के स्वयंसेवियों ने एनएसएस शिविर के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर के आसपास सफाई अभियान चलाया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की डॉ. शिवांगी दीक्षित ने छात्र-छात्रओं से कहा कि तनाव रहित रहकर हर कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचाया जा सकता है। वहां पर डॉ. रूपा यादव आदि थीं। संवाद

## शिविर में स्वयंसेवियों को किया जागरूक

भतरौंजखान (अल्मोड़ा)। भतरौंजखान महाविद्यालय में आयोजित एनएसएस शिविर में पुलिस ने स्वयंसेवियों को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा आदि कानूनों की जानकारी दी।

एसआई धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि अपने बैंक खाता की जानकारी अनजान के साथ साझा कर साइबर ठगी का शिकार बन सकते हैं। महिला पुलिस कर्मी सुषमा ने महिला उत्पीड़न, महिला सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रूपा यादव सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे। संवाद